न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा
पीठासीन अधिकारी सुरेश चावला(RAS)
राजस्व प्रार्थना संख्या 43/2016

1. मांगीलाल पुत्र बख्तावर जी जाट
2. रामरतन पुत्र मांगीलाल जी जाट
3. रेवता पुत्र भागू जी जाट
4. उगमा पुत्र हेमा जी जाट
5. रामदेव पुत्र शिवराम जी जाट

सभी जाति जाट एवं निवासीगण ग्राम लोरडी ग्राम पंचायत दोलतपुरा प्रथम तहसील बिजयनगर जिला अजमेर। ....प्रार्थीगण

बनाम

1. राजेन्द्रसिंह पुत्र हिम्मतसिंह जी राजपूत दत्तक पुत्र नाथूसिंह जी राजपूत
2. रामकरण पुत्र घीसा जी जाट
3. जगदीश पुत्र देबी जी जाट
4. रामदेव पुत्र मांगीलाल जी जाट
5. पांचू पुत्र बालू जी जाट
   निवासीगण ग्राम लोरडी ग्राम पंचायत दोलतपुरा प्रथम तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राजस्थान।
6. राजस्थान सरकार जरिये श्रीमान् तहसीलदार महोदय, बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर। ....अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू0 राजस्व0 अधिनियम 1956

निर्णय

इस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है। कि ग्राम लोरडी पटवार क्षेत्र बहादुरपुरा भू0 अ0 नि0 क्षेत्र बिजयनगर तहसील मसूदा हाल तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी ख0 न0 280 रक्बा 16–03–10, 281 रक्बा 03–13–10, 388 रक्बा 04–11–10, 389 रक्बा 02–17–00 बीघा उनकी सयुक्त खातेदारी की भूमियां है जिनमें पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण पाल डोल डालने को लेकर विवाद करते रहते है अतः नियमानुसार पत्थरगढी करवाई जावे।

वकील प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया ग्राम लोरडी की जमाबंदी सम्वत् 2070–73 के खसरा नम्बर 280, 281, 388, 389 प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमियां है। अतः वे पत्थरगढी करवाने के अधिकारी पाये जाते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते है कि –

तहसीलदार बिजयनगर को ग्राम लोरडी स्थित प्रश्नगत आराजी ख0 न0 280 रक्बा 16–03–10, 281 रक्बा 03–13–10, 388 रक्बा 04–11–10 व 389 रक्बा 02–17–00 कुल किता 4 रक्बा 27–06–00 बीघा में मौका कमीश्नर रु 3000/– तीन हजार रुपये कोस्ट पर नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है। कि वह प्रश्नगत भूमि मौके पर जरिये माप एंव सीमांकन सीमा कायम कर पत्थरगढी करवाना सुनिश्चित करे।

निर्णय आज दिनांक 27.06.2017 को सरे इजलास सुनाया गया।

(सुरेश चावला)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी मसूदा

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.30 16:13:38 IST
Reason: SelfAttested